


पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम की 9वीं पर राजधानी रांची में मंगलवार की शाम निकला जुलूस। फोटो-समीर

# 27 जुलाई से खेलगांव में सेना भर्ती रैली कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए सुनहरा मौका है। 27 जुलाई से 8 अगस्त तक रांची के खेलगांव स्थित रनिंग ट्रैक में सेना भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। सेना भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली के लिए एडमिट कार्ड ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा के शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को 9 जुलाई को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेज दिए गए हैं। उम्मीदवार ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर अपने पंजीकृत खाते से रैली एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों द्वारा रैली के लिए रिपोर्ट करने की तिथि और समय एडमिट कार्ड पर अंकित है। कर्नल ने बताया कि ऑनलाइन जनरेटेड रंगीन एडमिट कार्ड प्रस्तुत किए बिना किसी भी उम्मीदवार को अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी उम्मीदवारों (अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं और ट्रेड्समैन 8वीं) को फरवरी 2024 में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार दस्तावेज लाने होंगे।

**धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी की 27 जुलाई को सेना भर्ती रैली** : कर्नल विकास भोला ने कहा कि रांची सेना भर्ती रैली धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी की 27 जुलाई को खेलगांव में आयोजित है। धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशन अधिकारी) की सेना भर्ती रैली झारखंड-बिहार के पात्र उम्मीदवारों के लिए 27 जुलाई को रांची के खेलगांव में आयोजित की जाएगी।

## कृषि मंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड की समीक्षा की, दिये कई निर्देश

# बाजार समिति की खाली पड़ी जमीन पर स्वपोषित योजना से दुकान-गोदाम बनायें

**बोर्ड के अध्यक्ष को तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर 15 दिनों में मांगी रिपोर्ट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मंगलवार को झारखंड मार्केटिंग बोर्ड की समीक्षा की। मंत्री ने बाजार समिति के प्रभारी सचिवों से कहा कि वह बाजार समितियों के भीतर खाली पड़ी भूमि पर स्वपोषित योजना के माध्यम से दुकान-गोदाम का निर्माण करायें। उन्होंने कहा कि बाजार समितियों को किसान हित में ऐसा प्रयास करना चाहिए कि अन्य स्रोतों से भी पोस्ट हार्वेस्ट के माध्यम से ई-रिक्शा, साइकिल और ट्राई साइकिल का एफपीओ के किसानों को दिया जा सके। बैठक के दौरान मंत्री ने ई-नैम द्वारा सभी प्रमुख बाजार समितियां के ग्रेडिंग पैकेजिंग एसेइंग मशीन स्थापित करने का भी निर्देश दिया।



मंत्री ने सभी बाजार समितियां में खाली पड़े भूमि को स्वपोषित योजना के माध्यम से निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के समूह एफपीओ को लाभ पहुंचाने के लिए डीएमएफटी फंड के माध्यम से भी गोदाम दुकान निर्माण करने का सभी मार्केटिंग सेक्रेटरी प्रयास करें। उपरोक्त सभी निर्देशों के साथ-साथ बोर्ड के अध्यक्ष से कहा गया कि वह अपने स्तर से तीन सदस्य कमेटी का गठन कर बाजार समिति की वस्तु स्थिति से उपरोक्त सभी बिंदुओं पर मंत्री के दिए निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रगति प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर सौंप दें।

समीक्षा बैठक में मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बोर्ड के एमडी फैज अक अहमद मुमताज, सेक्रेटरी अनुज कुमार प्रसाद और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के अलावा सभी बाजार समितियां के प्रभारी मार्केट, बाजार पर्यवेक्षक और अध्यक्ष के आप्त सचिव एसके झा उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### सुनील बने हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी और लालपुर थाना के रूपेश होंगे प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चार थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारी दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार कुशवाहा को हिंदपीढ़ी थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं, रांची के लालपुर थाना के प्रभारी रूपेश कुमार सिंह, जगरनाथपुर प्रभारी दिग्विजय सिंह और धुर्वा के नए थानेदार कृष्ण कुमार साहू को बनाया गया है।

### मनी लाउड्रिंग के आरोपी को कोर्ट से झटका

**रांची।** मेकॉन के पूर्व सीनियर मैनेजर उपेंद्र नाथ मंडल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में चार्जशीटेड आरोपी चेन्नई निवासी हितेश वी शाह को अदालत से झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट वाली याचिका को अदालत ने खारिज कर दी है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने दाखिल याचिका पर दो जुलाई को सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को अदालत ने आदेश सुनाया। मालूम हो कि हितेश वी शाह मेसर्स शिव मशीन टूल्स चेन्नई का प्रोपराइटर है। उपेंद्र नाथ मंडल ने अपने पद का दुरुपयोग कर मेसर्स जील इंडिया केमिकल्स और मेसर्स शिव मशीन टूल्स को तकनीकी रूप से योग्य नहीं होने के बावजूद दोनों को निविदा प्रदान की थी। चार्जशीट के अनुसार इसके एवज में सीनियर मैनेजर ने शिव मशीन टूल्स से 94.39 लाख एवं अजय जालान के जील इंडिया से 48.55 लाख लिये थे। याचिकाकर्ता ने छूट की गुहार लगाते हुये 4 मई को याचिका दाखिल की थी।

### रांची रेलवे स्टेशन से शराब की खेप बरामद



**रांची।** रांची के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश ट्रेनों में शराब की धड़-पकड़ के लिए लगातार अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार की देर रात आरपीएफ की टीम ने हटिया इस्लामपुर ट्रेन में छापेमारी की। इस दौरान विकलांग डिब्बे के एक सीट के नीचे से नीला ट्रॉली बैग मिला। आरपीएफ ने बैग के मालिक का पता लगाने की कोशिश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। संदेह होने पर आरपीएफ के जवानों ने उसे बैगेज स्कैनर से स्कैन किया तो उसमें शराब की 16 बोतलें मिलीं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 21,500 रुपये आंकी गयी है। इसके बाद आरपीएफ ने शराब जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

### नाबालिग गैंगरेप पीड़िता से मिला भाजपा महिला मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को इटकी प्रखंड की गैंगरेप पीड़िता नाबालिक बच्ची से रिम्स में मिला। इसका नेतृत्व आरती सिंह ने किया। दरअसल, पीड़िता सात जुलाई को रथ मेला स्कूटी से घूमने आई थी वापस लौटने के क्रम में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ। भाजपा महिला मोर्चा ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिये कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। आरती सिंह ने पीड़ित को न्याय दिलाने तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। पीड़िता से मिलने वालों में मंजूलता दुबे, डॉक्टर सीमा सिंह, रेणु तिर्की, नीलम चौधरी, रंजीत सिंह,सुचिता सिंह, बबीता वर्मा, रेखा महतो, बबीता झा, अंजलि लकड़ा, सुजाता सिंह शामिल थे।

### संजय सेठ ने बीइएल का किया दौरा



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं सांसद लहर सिंह सिरोया ने नवरत्न रक्षा पीएसयू, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बेंगलुरु कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। सीएमडी मनोज जैन, निदेशक भानु प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक दामोदर, निदेशक केवी सुरेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स नेवी मिलिट्री रडार एसबीयू और अत्याधुनिक ईएमआईध्ईएमसी लैब में प्रिसिजन मैन्युफै^ रिंग फैसिलिटी का दौरा किया। मंत्री को तटीय निगरानी प्रणाली और परिधि सुरक्षा प्रणाली का डेमो दिया गया। उन्होंने स्मार्ट सिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया। उन्होंने अगली पीढ़ी की परियोजनाओं पर काम कर रहे इंजीनियरोंए वैज्ञानिकों और शोधकताओं से बातचीत की। उन्होंने बीईएल की अपनी पहली यात्रा की स्मृति में पीडीआईसी में एक पौधा भी लगाया।

### जीतन सहनी की हत्या की जांच हो : राजेश

**रांची।** वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री बिहार सरकार के मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। राजेश गुप्ता ने कहा कि जीतन सहनी की निर्मम हत्या ने हम सभी को स्तब्ध और दु:खी कर दिया है। इस दुखद समय में हम मुकेश सहनी और उनके परिवार के साथ है। मैं कामना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इस घटना की कड़ी निंदा करता है इसकी उच्च स्तरीय जांच करते हुए समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग करता है।

# लक्ष्मीकांत वाजपेयी और शिवराज सिंह चौहान पहुंचे रांची,आज बैठक

**जमशेदपुर पूर्वी में लक्ष्मीकांत वाजपेयी, हटिया शिवराज सिंह चौहान और रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में हिमंता विश्व सरमा होंगे शामिल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मंगलवार की शाम रांची पहुंचे। श्री वाजपेयी बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी, शिवराज सिंह हटिया और हिमंत विश्व शरमा रांची के कार्यक्रम में होंगे शामिल। प्रदेश भाजपा का सांगठनिक कार्यक्रम लगातार जारी है। 17 जुलाई को डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में हटिया विधानसभा क्षेत्र, जबकि सह प्रभारी असम सरकार के मुख्यमंत्री सहजानंद चौक स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित करेंगे।

# मेडिका अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

## परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप, हॉस्पिटल प्रबंधन ने दी सफाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मेडिका अस्पताल में सुशीला देवी नामक महिला मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही को मौत का कारण बताया है। मरीज की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। कई महिलाओं ने ओपीडी एरिया में चीख-चीखकर कहा कि डॉक्टर की लापरवाही की वजह से सुशीला देवी की मौत हुई है।

**स्वासथ्य मंत्री से की शिकायत, मामले की जांच कराने और मुआवजा दिलाने की मांग की**

दिवंगत सुशीला देवी के पुत्र गौरव कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से लिखित शिकायत की है। उनका कहना है कि 13 जुलाई को डॉ. राजेश कुमार सिंह की देखरेख में उनकी माता का इलाज शुरू हुआ था। इलाज भी सही चल रहा था। इसी बीच 15 जुलाई को उन्हें हार्ट अटैक आया, लेकिन ना तो डॉक्टर और ना ही उनकी टीम के दूसरे मेंबर ने नोटिस किया। लापरवाही की वजह से उनकी जान चली गई। गौरव कुमार ने मामले की जांच करवाने और हॉस्टिल की ओर से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मेडिका की पीआरओ भारती ओझा ने बताया कि मरीज को न्यूमोनिया के साथ-साथ सेप्टिसिमिया था। जब वह ओपीडी में आई, तब उनका सेचुरेशन 80 प्रतिशत था। इस वजह से उनको भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि मरीज को डायबिटीज के साथ-साथ बीपी की भी बीमारी थी। पूर्व में भी वह मेडिका अस्पताल में भर्ती हुई थी। तब ठीक होकर घर भी गईं थी।

# हाइकोर्ट की फटकार के बाद नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की फटकार पर रांची नगर निगम ने मंगलवार को लालपुर-कोकर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करते हुए सुबह 10 बजे से देर शाम तक अभियान चलाया। दोबारा अतिक्रमण न हो इसके लिए दिनभर निगम अधिकारी और कर्मी मौके पर मुस्तैद रहे। पुलिसकर्मी भी गश्त लगाते रहे। इसके बाद इस मार्ग पर आवागमन सुगम हो सका। राहगीरों ने भी राहत की सांस ली। बता दें कि सड़क किनारे दुकानें लगने से हर दिन भीषण जाम लगता है।



**नाली के ऊपर से भी अतिक्रमण तोड़े** : टीम ने सख्ती के साथ सब्जी और फल की दुकानें लगाने वालों को हटाया। सड़क पर ईंट-पत्थर आदि से तैयार प्लेटफार्म को तोड़ा गया। बांस से बनी झोपड़ियों को उखाड़ दिया गया। नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमणकारियों पर भी कार्रवाई की गई। इस बीच सामान भी जब्त कर लिया गया। बता दें कि इन दुकानों के आगे सड़क पर ही लोग वाहन तक लगा देते थे।

**पहले ही दिन दिखा बड़ा असर**

इस कार्रवाई के बाद पहले ही दिन राहगीरों को काफी राहत मिली। लालपुर-कोकर मार्ग पर वाहन सरपट निगकते दिखे। पैदल चलने वालों ने भी राहत महसूस की। हालांकि मुख्य मार्ग से हटाए जाने के बाद दुकानदारों ने पास के पीस रोड एवं घड़ी बंग्ला मंदिर के सामने समेत पीएंडटी कॉलोनी मार्ग लेन में चोरी-छिपे दुकानें सजा लीं। इससे इन मार्गों पर भीड़ लगी रही।

**अब हर दिन कार्रवाई**

अब निगम हर दिन इस मार्ग पर कार्रवाई करेगा। यह अभियान कोकर-लालपुर चौक तक 500 से अधिक फुटपाथ दुकानों के खिलाफ चलाया जाएगा। इसके लिए निगम की डे एनयूएलएम द्वारा पांच नगर अभियान प्रबंधक, इतने ही नगर प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता एवं इन्फोर्समेंट की टीम के अलावा पुलिसकर्मियो की टीम बनाई गई है। हर दिन नगर अभियान एवं नगर प्रबंधक के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाएगी। इसी बीच निगम की ओर से मुर्गा-मछली मार्केट के पहले तल पर तैयार शेड में सब्जी मार्केट को स्थानांतरित करने को लेकर तैयारी और तेज कर दी गई है।

# जगन्नाथपुर में घुरती रथयात्रा आज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर में आज बुधवार को घुरती रथयात्रा निकाली जायेगी। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी से अपने धाम मुख्यमंदिर आयेंगे। भगवान अपने भाई-बहन के साथ रथारुढ़ होकर मौसीबाड़ी से निकलेंगे। भगवान के रथ को खींचने के लिए हजारों भक्त जगन्नाथपुर पहुंचेंगे। बता दें कि सात जुलाई को जगन्नाथपुर में रथयात्रा निकाली गयी थी। उस दिन भगवान अपने धाम मुख्य मंदिर से रथारुढ़ होकर मौसीबाड़ी पहुंचे थे। उसके बाद से भगवान मौसीबाड़ी में ही हैं। जगन्नाथपुर में 10 दिनों की मेला का आयोजन भी किया जाता है। जहां लोग आते हैं और मेला का लुत्फ उठाते हैं। घर की जरूरतों वाली सामग्री भी मेले से खरीदारी करते हैं।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने जिला आपूर्ति कार्यालय/अनुभाजन कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा

# अयोग्य लोगों का राशन कार्ड निरस्त करें

**राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पीडीएस डीलर पर कार्वाई हो**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल रांची अंजनी कुमार मिश्र ने मंगलवार को जिला आपूर्ति कार्यालय, अनुभाजन कार्यालय, रांची का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत एवं विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हकीकत की जानकारी ली। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि चना दाल वितरण योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात जैसी योजनाओं का लाभ लाभुकों को हर हाल में देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी दाल भात केंद्रों को व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया, ताकि यहां गरीबों को बेहतर तरीके से भोजन करने की सुविधा मिल सके।



आयुक्त ने कहा कि वैसे लोग जो राशन कार्ड प्राप्त करने के पात्र नहीं है उनका राशन कार्ड को निरस्त करने की कार्रवाई सुनिशित करें। इसके अलावा जो योग्य लोग पात्र हैं उनका राशन कार्ड की जारी करने की पहल हो। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गलत तरीके से राशन कार्ड का इस्तेमाल कर अनाज का उठाव कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

**राशन का वितरण ससमय हो**

प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि राशन कार्ड धारी को समय पर अनाज मिलना चाहिए। इसमें विलंब और कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुभजन पदाधिकारी को कहा कि सभी पीडीएस डीलरों द्वारा इसका पालन सुनिशित कराएं।

**सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना से कोई भी लाभुक वंचित ना रहे**

आयुक्त ने कहा कि सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत सभी राशन कार्डधारियों को धोती-लुंगी और साड़ी का वितरण हो। कोई भी लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पब्लिक ग्रिभान्स सिस्टम में दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी गौतम कुमार भगत, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# घर-घर तक पहुंचने की प्रक्रिया दुरुस्त रखें बीएलओ के कार्य की निगरानी करें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को रांची जिला अंतर्गत नव नियुक्ति व नव अधिसूचित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर नव निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को डीसी ने उनके कर्त्तव्यों एवं दायित्वों से अवगत कराया। डीसी ने सभी से कहा कि घर-घर तक पहुंचने की प्रक्रिया दुरुस्त रखें, अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ के कार्य को सुपरवाइज करें। उन्होंने प्री रिविजन के दौरान ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने और निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी तैयार करने,



वोटर स्लिप वितरण, मतदान केन्द्रों में एएमएफ की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई। समाहरणालय में आयोजित बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सभी अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, शुभम पोद्दार प्रशासक नगर पंचायत बुण्डू, निहारिका तिर्की सहायक प्रशासक रांची नगर निगम, निकेश कुमार सहायक प्रशासक रांची नगर निगम, राकेश श्रीवास्वतव अंचल अधिकारी नगड़ी, सूरज प्रकाश सिंह सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम, चंद्र दीप कुमार सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम, विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके, मुकेश कुमार रंजन सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम, विजय कुमार अंचल अधिकारी ईटकी, शशि निलिमा डुंगडुंग प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ईटकी उपस्थित थे।

**एसडीओ ने घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य का किया स्थल निरीक्षण** : एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य स्थल निरीक्षण मतदान केंद्र संख्या- 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 14 का किया। पर्यवेक्षक गुड़िया रानी एवं पर्यवेक्षक संगीता कच्छप के स्टीका चस्पा का सत्यापन उनके उपस्थिति में किया गया।

# युवाओं के कई मुद्दों पर कार्रवाई के लिए युवा आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**युवा आजसू ने रिक्त पदों को भरने, धार्मिक स्थलों के समीप संचालित बार को बंद करने, पीजीटी परीक्षा में हुई धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराने समेत विभिन्न समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल सी.पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से मिले युवा आजसू के प्रतिनिधि मंडल ने बेरोजगारी की वजह से बढ़ते पलायन, रिक्त पड़े तीन लाख पदों को भरने, नशे के बढ़ते कारोबार, परीक्षा में धांधली समेत अन्य कई समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल में युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, अमित कुमार, रांची जिला प्रभारी विश्वास उरांव, अतीश महतो और युवा नेता वेदांत कौस्तव शामिल थे।

ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने ऐ.जी कॉलोनी, कडरू, रांची स्थित पौराणिक शिव मंदिर परिसर से सटे भवन में संचालित ओना बार और रेस्टोरेंट के अलावा वैसे सभी बार व शराब दुकानें जो धार्मिक स्थलों और विद्यालयों के आस पास संचालित हो रहे हैं इन सबकी जांच करा कर इन्हें बंद करने और सभी नशे के कारोबारी, अवैध रूप से संचालित बार व शराब दुकानों पर अविलंब कार्रवाई करने सहित सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के समीप नशे के सौदागरों एवम ड्रग्स पैडलरों की सक्रियता पर लगाम लगाने की मांग की।

इसके अलावा पीजीटी नियुक्ति परीक्षा में हुई धांधली मामले में राज्य के युवाओं को न्याय दिलाने हेतु उच्चस्तरीय जांच कराने। नौकरी के लिए वर्षों मेहनत करने वाले युवाओं के साथ बार बार नियुक्ति परीक्षा में धांधली रूपी अभिशाप निजात दिलाने। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई शुरू करवाने ताकि गरीब छात्र-छात्राओं को पैसों के आभाव में पढ़ाई न छोड़नी पड़े। राज्य गठन के बाद से नए छात्रावास का निर्माण नहीं हो पाया है जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हजारों अध्यनरत युवाओं की समस्या का निराकरण करने के लिए जल्द से जल्द नए छात्रावास और युवाओं को अपनी पढ़ाई के लिए प्राइवेट लाइब्रेरी पर निर्भर न होना पड़े और सभी जरूरी पुस्तकें उनके घर के पास ही उपलब्ध हो इसके लिए सभी जिलों में आधुनिक उन्नत पुस्तकालय का निर्माण करवाने की मांग मुख्य रूप से शामिल रही। साथ ही इंक न होने की वजह से छात्र को डिग्री मिलने में हो रही देरी के चलते रांची विश्विद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई और विश्वविद्यालयों में अनुबंधित प्राध्यापकों का सेवा विस्तार करने की मांग युवा आजसू द्वारा राज्यपाल से की गई।

युवा आजसू के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा राज्य के भविष्य हैं। सशक्त युवा ही बेहतर राज्य की परिकल्पना को पूरा कर सकते हैं लेकिन वर्तमान में राज्य के युवा शैक्षणिक, रोजगार और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।


## वीसी ने डीएसपीएमयू में विदेशी भाषा पढ़ाने की राज्यपाल को दी जानकारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में विदेशी भाषा से संबंधित पाठ्यक्रम जापानी, कोरियन और चीनी भाषा की पढ़ाई को शीघ्र ही प्रारंभ करने के विषय में अवगत कराया। इसके उपरांत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने ए टेक्सट बुक ऑफ एनवायर्नमेंटल स्ट्डीज की एक प्रति कुलाधिपति को भेंट किया। यह पुस्तक नई शिक्षा नीति को ध्यानगत रखते हुए विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के शिक्षकों द्वारा लिखी गई है।

## पारस हॉस्पिटल एचईसी में मास्टर इन इमरजेंसी मेडिसिन कोर्स शुरू



**रांची।** सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिकल इंडिया और पारस हॉस्पिटल एचईसी में मास्टर इन इमरजेंसी मेडिसिन कोर्स की शुरूआत हुई है। पारस हॉस्पिटल के डॉ कौशिक राय ने बताया कि इस तीन वर्षीय कोर्स के लिए चार सीट उपलब्ध है। इसके कोर्स के लिए पात्रता मानदंड एनएमसी/राज्य मान्यता के साथ एमबीबीएस है। सोसाइटी फॉर इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया के तहत पाठ्यक्रम जुलाई 2024 से शुरू होगा। इस कोर्स के लिए इंटरव्यू 18 से 20 जुलाई तक पारस एचईसी हॉस्पिटल के चौथे तल्ले पर मानव संसाधन विभाग (एचआर) में होगा। इच्छुक उम्मीदवार इस कोर्स के लिए इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम के आवेदन के लिए लागू पाठ्यक्रम के उल्लेख के साथ अपना बायोडाटा हॉस्पिटल के मेल पर मेल करना होगा।

## न्यायायुक्त दिवाकर पांडे का फेक एकाउंट बना कर ठगी करने का असफल प्रयास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे का फोटोग्राफ के साथ फेक अकाउंट बनाकर अज्ञात व्यक्ति ने अधिवक्ताओं से ठगी का प्रयास किया गया। फेक एकाउंट से व्हाट्सएप चैट के माध्यम से मनोज नामक अधिवक्ता को पहला निशाना बनाने की कोशिश की। जिस नंबर से व्हाट्सएप चैट किया जा रहा है वह नंबर 94-742039835 है। 94 श्रीलंका का कोड है। अधिवक्ता मनोज से 50 हजार रुपये की मदद मांगी गई। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि इतना नहीं हो सकता है। इसी तरह का मैसेज अन्य वकीलों को किया गया। इसकी जानकारी जब जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही को मिली तो सबसे पहले न्यायायुक्त को सूचित किया। इसके बाद अधिवक्ताओं को सूचित किया कि इस तरह के मैसेज गलत व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। इस तरह के मैसेज पर संज्ञान न ले। ऐसे मैसेज को नजर अंदाज करने की अपील की है। यह मैसेज सरासर गलत हो रहा है। न्यायायुक्त का फोटो और पद का दुरुपयोग कर ठगी की कोशिश की जा रही है। ऐसे फेक लोगों से सर्तक और सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही, धोखेबाज को पकड़वाने की कोशिश करें।

# सीसीएल के मानव संसाधन विभाग ने कम्प्यूटर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल के मानव संसाधन विभाग द्वारा कम्प्यूटर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कार्यालयीन कार्यों में कम्प्यूटर के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को रेखांकित करते हुए कम्प्यूटर सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अधिकतम ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करते हुए कम्प्यूटर ज्ञान के भावी लाभों से उन्हें रूबरू कराया।



श्री मिश्र ने प्रशिक्षुओं को सभी सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अधिकतम ज्ञानार्जन के लिए प्रोत्साहित किया। अवसर विशेष पर महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग, रमाकांत पांडे, विभागाध्यक्ष, नवनीत कुमार, विभागाध्यक्ष, पीके सिन्हा तथा विभागाध्यक्ष, कविता गुप्ता भी उपस्थित थे। महाप्रबंधक, आरके पांडे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ईमानदारी और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया। नियमित प्रयास, अभ्यास और समर्पण पर बल देते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को कम्फर्ट जोन से बचने को कहा जो उनके विकास में बाधक सिद्ध हो सकते हैं।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य नए भर्ती किए गए कैट-क कर्मचारियों का आवश्यक कंप्यूटर कौशल का विकास करना था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उनकी दक्षता को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना था ताकि प्रतिभागी अपने कार्यालयीन दायित्वों का पूर्ण निर्वहन कर पाएँ।

## खबर एक नजर में

### डालसा ने विक्षिप्त को रिनपास में कराया भर्ती

रांची। चुटिया राम मंदिर के पास कुछ दिनों से भटक रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को कांके स्थित रिनपास में भर्ती कराया गया। इस बारे में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की पारा लीगल वोलेंटियर (पीएलवी) संगीता देवी ने सूचना दी थी। पीएलवी के द्वारा विक्षिप्त व्यक्ति को सीडब्ल्यूसी रांची में भी प्रस्तुत कराया गया। जहां सीडब्ल्यूसी ने उक्त व्यक्ति को 18 वर्ष से ऊपर होने एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होने का रिपोर्ट दिया। जिसके बाद डालसा सचिव के निर्देश पर पीएलवी द्वारा उस विक्षिप्त व्यक्ति का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया। चुटिया थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर उस विक्षिप्त व्यक्ति को रिनपास कांके में ले जाकर भर्ती कराया गया।

### एसपीसीए की राष्ट्रीय संयोजक इंदिरा कुमारी सहायक निबंधन महानिरीक्षक से मिलीं



रांची। पशु क्रूरता निवारण सोसाइटी, एसपीसीए की राष्ट्रीय संयोजक (बिहार-झारखंड) इंदिरा कुमारी ने सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पटना प्रमंडल पटना, रीवा चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान इंदिरा ने उन्हें बधाई दी। बता दें कि ये उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। ज्ञात हो कि इंदिरा कुमारी दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग), अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रदेश सचिव और राष्ट्रीय संयोजक एसपीसीए बिहार झारखंड प्रभारी हैं।

### निर्मला कॉलेज में लगा मतदाता निबंधन कैंप

रांची। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन निर्मला कॉलेज में किया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र-6 और प्रपत्र-8 के बारे में जानकारी दी गई। वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी बताया गया। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर 16 जुलाई, 2024 को द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता निबंधन कैंप का आयोजन निर्मला महाविद्यालय रांची में किया गया। इसमें कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रपत्र-6 और प्रपत्र-8 के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई।

### नीरजा सहाय डीएवी में पदरोहण समारोह

रांची। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में आज पद रोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान द्वारा किया गया। प्रार्थना के बाद छात्र परिषद की घोषणा की गई। इसके बाद छात्रों ने प्रशासन पद की शपथ लेते हुए उन्होंने अनुशासन, कर्मनिष्ठा ,ईमानदारी समय की पाबंदी के साथ अपने कार्यों को सुचारू रूप से करने का निर्णय लिया। इतनी शक्ति हमें देना दाता इस गाने के माध्यम से छात्रों को लक्ष्योन्मुख व्यवहार के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थी परिषद का सम्मान किया गया तथा शिक्षक सत्य प्रकाश ने कर्तव्य परायणता को निभाते हुए विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करने की सीख दी। मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने आशीर्वाद स्वरुप छात्रों को अपने कर्तव्य पथ पर निर्भय होकर आगे बढ़ने की सलाह दी तथा उन्होंने कहा ना केवल स्कूल बल्कि समाज के प्रति भी उत्तरदायित्व निभाना अति आवश्यक है। शिक्षिका श्वेता सिंहा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया तथा कक्षा 11वीं की माधुरी और स्मृति ने मंच संचालन बखूबी निभाया। शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अग्रवाल सभा के चुनाव के लिए 43 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम सभा एवं नए सत्र-2024- 26 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 28 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। चुनाव के निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि 28 जुलाई को अग्रवाल सभा के नये सत्र के चुनाव हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 जुलाई को शाम 4 बजे तक थी। उन्होंने बताया कि अग्रवाल सभा के चुनाव हेतु 43 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र की जांच व वैध नामांकन पत्र की सूची 17 जुलाई को शाम 4 बजे तक प्रकाशित होगा। वहीं नामांकन पत्रों की वापसी 20 जुलाई तक होगा। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 20 जुलाई को ही 4 बजे प्रकाशित किया जाएगा। मतदाता अग्रवाल सभा के नये सत्र- 2024-26 के लिए 31कार्यकारिणी सदस्यों चयन करेंगे। मतदाता द्वारा 31 सदस्यों को मत देना अनिवार्य होगा।

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी और यूएस की वर्मोंट यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू



**शैक्षणिक आदान प्रदान और शोध परामर्श होगा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी (एसबीयू) और यूएस की वर्मोंट यूनिवर्सिटी के बीच आज मंगलावर को एमओयू (समझौता ज्ञापन) साइन हुआ। अमेरिका स्थित विवि परिसर में एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक और वर्मोंट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश गेरीमाला ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर वर्मोंट विवि के शिक्षक उपस्थित थे।

इस एमओयू के तहत दोनों यूनिवर्सिटी के बीच शोध (रिसर्च), परामर्श (काउंसलिंग) और शिक्षा (एकेडमिक) से संबंधित जानकारियों का आदान-प्रदान किया जायेगा। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पायेंगी। एमओयू साईन होने पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस पर हर्ष व्यक्त किया है।

## इंडस्ट्रियल विजिट में पावर प्लांट का भ्रमण



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी )के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट के तहत गोला स्थित इनलैंड पावर प्लांट का भ्रमण किया। इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञ इंजीनियर जगन मोहन आचार्य, सेफ्टी इंचार्ज मनीष कुमार व रघु कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को कोल हैंडलिंग प्लांट, पावर जनरेशन यूनिट, टर्बाइन, ट्रांसमिशन लाइन एवं कंट्रोल रूम आदि के क्रियाकलापो की तकनिकी जानकारी दी। मौके पर प्लांट के आयुष कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। विद्यार्थियों के दल के साथ संस्थान के शिक्षक डॉ नैयर मुमताज, प्रो पार्था प्रतिम दास, प्रो खुशबु लूगुन एवं लैब तकनीशियन अनु प्रिया शामिल थे।

## एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी की पत्नी जया मांझी गिरफ्तार

**पांच साल पूर्व पुलिस नक्सली मुठभेड़ में दर्ज मुकदमों पर हुई गिरफ्तारी, पुलिस नहीं पकड़े इसलिए जया ने नाम बदल कर रख लिया था कविता,, झारखंड पुलिस ने रखा था 25 लाख का इनाम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक दा की पत्नी जया मांझी को गिरिडीह क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। जया मांझी अस्पताल में अपना इलाज नाम बदल कर करवा रही थी। उसने अस्पताल के रजिस्टर में कविता नाम रख लिया था, ताकि पुलिस को उसकी असलियत का पता नहीं चल सके। जया मांझी को पुलिस ने पांच साल पूर्व पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में धनबाद के अशर्फी अस्पताल से गिरफ्तार किया।

**कैंसर पीड़ित है जया मांझी** : नक्सली जया मांझी का इलाज शहर के अशर्फी अस्पताल में चल रहा था। वह कैंसर पीड़ित है। उसका इलाज नाम बदलकर कराया जा रहा था। पुलिस के वरीय अधिकारियों को इस बात की जानकारी हो गई। जिसके बाद मंगलवार को गिरिडीह की पुलिस धनबाद पहुंची। शहर के अशर्फी अस्पताल से गिरिडीह पुलिस नक्सली जया मांझी को गिरफ्तार कर गिरिडीह ले गयी।

गिरिडीह साइबर क्राइम डीएसपी आबिद खान और डुमरी इंस्पेक्टर मनोज कुमार, जया मांझी की गिरफ्तारी का नेतृत्व कर रहे थे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जया मांझी को अशर्फी अस्पताल से गिरिडीह ले जाया गया है। जया के नाम बदलने के मामले में पुलिस को कंफ्यूजन हुआ। कंफ्यूजन की वजह से जया की पहचान दोबारा की गयी, तब उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की गयी। जया के ऊपर 25 लाख रूपये का इनाम है।

# मेराकी में सम्मानित हुईं इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा की पदधारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने जमशेदपुर में आयोजित 40वां डिस्ट्रिक्ट एसेंबली मेराकी के आयोजन में भाग लिया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन आलोकानंदा बख्शी ने पास्ट प्रेसीडेंट नीता नारायण को डिस्ट्रिक्ट आइएसओ का पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने बेस्ट क्लब, बेस्ट प्रेसीडेंट, बेस्ट ट्रायल बेलेजर वर्टीकल प्रेसीडेंट माला श्रीवास्तव, पास्ट प्रेसीडेंट नीता नारायण को विभिन्न उपाधियों के लिए, बेस्ट सेक्रेटरी सोमा भादुड़ी, बेस्ट कोषाध्यक्ष नीता शेखर, बेस्ट आइएसओ अर्चना त्रिवेदी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी निशि श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि यह हमारे क्लब के लिए बहुत गर्व की बात है।

# तीन कोयला खदानों के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर

**समझौते किए गए खदानों हैं मच्छकटा (संशोधित) कोयला खदान, कुडनाली लुबरी कोयला खदान और सखीगोपाल-बी काकुरही कोयला खदान**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची/दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने 7वें दौर के दूसरे प्रयास के अंतर्गत नीलाम की गई तीन कोयला खदानों के लिए कोयला खनन विकास और उत्पादन समझौतों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। यह वाणिज्यिक कोयला खनन की सफलता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। तीन खदानों में से दो आंशिक रूप से खोजी गई हैं, जबकि एक पूरी तरह अन्वेषित है।

समझौते किए गए खदानों हैं मच्छकटा (संशोधित) कोयला खदान, कुडनाली लुबरी कोयला खदान और सखीगोपाल-बी काकुरही कोयला खदान। सफल बोलीकर्ता क्रमशः एनएलसी इंडिया लिमिटेड, गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड हैं।

इन तीन खदानों से वाणिज्यिक नीलामी के अंतर्गत अनुमानित वार्षिक राजस्व सृजन लगभग 2,991.20 करोड़ रुपए है, जो लगभग 30.00 एमटीपीए की कुल पीक रेट क्षमता उत्पादन पर आधारित है। इन खदानों के चालू होने पर लगभग 40,560 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, इन कोयला खदानों को चालू करने के लिए लगभग 4,500 करोड़ रुपए का कुल निवेश आवंटित किया जाएगा। यह पहल कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन में योगदान देने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बालाजी मंदिर में श्रीहरि शयनी एकादशी आज से

**रांची।** रातू रोड स्थित बालाजी मंदिर में बुधवार से हरिशयनी एकादशी व्रत पर अनुष्ठान किया जायेगा। श्रद्धालु भक्तगण अपने-अपने अभीष्टों की पूर्ति के लिये अर्चना करायेंगे। इस दौरान शंख, चक्र, गदा और पद्?म से सुशोभित पिताम्बर धारी श्रीविष्णु को अच्छी तरह बिस्तर बिछे हुये सुन्दर पलंग पर शयन कराया जायेगा ।प्रथम वेदमंत्र पाठ पूर्वक पंचामृत, हल्दी, चंदन आदि से स्नान कराया जायेगा। दिनभर के पूजाक्रम के प›ात रात्रि में शयन कराया जायेगा। आषाढ़ शुक्ला एकादशी का नाम हरिशयनी है। यह महान पुण्यमयी, स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करनेवालीए सब पापों को हरनेवाली तथा उत्तम व्रत है। इसी दिन से चातुर्मास्य व्रत भी शुरू हो जायेगें। यह चार महीने अर्थात आषाढ़ शुक्ल एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ल एकादशी तक रहेगा।

स्पीड न्यूज

## रातू : पिर्रा में मारपीट एक युवक जख्मी

- दर्ज करायी गयी प्राथमिकी
- पुलिस कर रही है पड़ताल

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा स्थित सुल्तान नगर निवासी शाहवीर रजा ने हुरहुरी निवासी मोहसिन अंसारी और वसीम अंसारी समेत उनके 6-7 दोस्तों पर गाली गलौज व मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये जाने का आरोप लगाते हुये रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना सोमवार शाम करीब 7.30 बजे की है। वह अपने घर में था, तभी ये दोनों अपने 6-7 दोस्तो के साथ उसके घर पहुंचे तथा गाली गलौज एवं मारपीट शुरू कर दी। इससे वह जख्मी हो गया। पत्नी व बहन की वजह से उसकी जान बची। शोर-गुल सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे। उन्हें आते देख हमलावर फरार हो गये। लेकिन, वहां अपनी मोटर साइकिल जेएच 01 पी 4097 को छोड़ जान बचा कर भागे। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## चान्हो में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**चान्हो।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के कटईया पतरा के समीप 35-40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सोमवार की देर रात गस्ती के दौरान चान्हो पुलिस की नजर सड़क किनारे पड़े इस व्यक्ति पर पड़ी थी। मृत व्यक्ति हल्का पीला रंग का फूल शर्ट और ब्लू रंग का फूल पैंट पहने हुए था। देर शाम तक इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी। इसके सिर के पीछे के हिस्से, पैर और चेहरे में चोट के निशान हैं। शव की पहचान नहीं होने के कारण चान्हो पुलिस ने इसे रिम्स स्थित शीत गृह भेज दिया है।

## राहे में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**राहे।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इचाहातू के पास राड़ू नदी से अवैध बालू का परिचालन करते हुए एक ट्रैक्टर को पड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त करते हुए अवैध खनन के तहत मामला दर्ज करते हुए ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात हो कि इन दिनों राहे क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का परिचालन जोरो पर है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी फैज रब्बानी ने कहा कि मंगलवार दोपहर बाद अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब किया गया है चालक को गिरफ्तार किया गया है उसे जेल भेजा जाएगा। अवैध बालू खनन के खिलाफ छापामारी जारी रहेगा।

## सोनाहातू में मक्का बीज का वितरण

**सोनाहातू।** प्रखंड परिसर में कृषि विभाग के द्वारा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, एनएफएसएम योजना के तहत तेलवाडीह पंचायत के डोमाडीह गांव के 31 किसानों के बीच मक्का बीज किस्म प्रभेद आईपी एम-203 बीज शत प्रतिशत अनुदान पर वितरण हुआ। बीज वितरण बीडीओ खगेश कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित ,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत,एवं प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बसंत महतो सहित किसान मौजूद थे।

## स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा के लिए रजिस्ट्रेशन शिविर 18 से

**सोनाहातू/राहे।** विधायक सुदेश महतो के द्वारा संचालित कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंटों के लिए निशुल्क स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सेवा का नया सत्र के लिए रजिस्ट्रेशन 18 जुलाई से प्रारंभ होगी। राहे प्रखंड के लिए 18 जुलाई को प्रखंड के गोमदा चौक में शिविर लगाया जाएगा। 19 जुलाई को बारेंदा चौक तथा सोनाहातू के माही वेंकट हॉल में शिविर लगाया जाएगा इच्छुक छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन करा लें। ज्ञात हो कि कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विधायक ने निशुल्क बस सेवा दे रखी है।

# हर कर्बला के बाद जिंदा होता है इस्लाम

**मोहर्रम पर विशेष**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सृष्टि रचना के बाद से ही सत्य और असत्य की लड़ाई हर धर्म में होती रही इस्लाम धर्म में मुहर्रम बहुत ही मुबारक और अहम महीना है। इस महीना की 10 तारीख को हजरत मोहम्मद सल्ल के नवासे हजरत इमाम हुसैन को शहीद कर दिया गया। इस शहादत दिवस की याद में मुसलमान रोजा रखते हैं और जुलुस निकलते हैं। दरअसल ये लड़ाई उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ थी जिसमें सत्य की राह में हजरत हुसैन और उनके 72 साथी थे जो निहत्थे थे जिसमे मासूम और दूध पीते बच्चे भी शामिल थे। वहीं दूसरी ओर यजीद का लश्कर था जो असत्य और हिंसा पर विश्वास रखता था यजीद धर्म को अपने अनुसार चलाना चाहता था और चाहता था कि हुसैन और उसके तमाम साथी उनके आदेशों का पालन करें उसका अनुसरण करें। बगदाद की धरती में हजरत हुसैन और उनके बहत्तर साथियों ने अपनी शहादत देकर सत्य और ईमान का परचम लहराया इस शहादत का भावनात्मक लगाव पूरी दुनिया के मुसलमानो के दिलों से जुड़ गया और इसी की याद में मुहर्रम का महीना मातम के रूप में याद कर अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत करते हैं।अब तो मुहर्रम के जुलूस में समयानुसार बहुत परिवर्तन हो गए, लेकिन दो दशक पूर्व मुहर्रम का जुलूस रात के 3.00 बजे निकला करता था। चारों ओर से आने वाले जुलूस महावीर चौक में जमा होते थे फिर अपर बाजार होते हुए अपने गंतव्य को लौटते थे रात में निकलने वाला जुलूस जाड़े के महीना में मशाल जलाकर निकालते थे और युवा खेल का प्रदर्शन किया करते थे। उसे समय ढोल बाजा बहुत कम हुआ करते थे अधिकतर लोग अपने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते मुहर्रम के महीने पर हर मोहल्ला के इमामबाड़े में नियाज फातिहा हुआ करती थी। ये परम्परा आज भी जारी है।

### महिलाएं मीठा व्यंजन बना जुलूस में शामिल लोगों को खिलाती हैं

महिलाएं घरों में रोट, मलीदा, शीरनी, मीठा ब्यंजन बनाया करती और जुलूस में शामिल लोगों को खिला कर उनका स्वागत करती थी। धीरे-धीरे रात में निकलने वाला जुलूस का प्रचलन बंद हो गया तीन दिन तक निकलने वाला जुलूस में ताजिया, सिप्पड की नुमाइश की जाती थी युवा बाजा ताशा के साथ मुस्लिम बहुल इलाके में जाया करते और अपने खेल का प्रदर्शन करते थे। उस दौर में हिंदू मुस्लिम की एकता जुलूस में देखने को मिलती थी जो आज भी बरकरार है। मुहर्रम के जुलूस में जय सिंह यादव के पिता स्व किशोरी यादव का सहयोग निरंतर मिलता रहा। आपसी भाईचारा और प्रेम का नीव रख उन्होंने रांची में हिन्दू मुस्लिम एकता और भाईचारे को बल दिया और इन्ही भाईचारे का परिणाम था की जुलुस अपर बाजार होते हुए जब लौटती तो शीशा महाराज होटल के समीप हिन्दू भाई जुलुस में शामिल लोगों को शरबत पिलाया करते थे। रांची में हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की ये परम्परा आज भी कायम है। महाबीर मण्डल का सहयोग आज भी मुहर्रम सेंट्रल कमिटी को मिलता रहा है।

# झामुमो किसान मोर्चा नगड़ी प्रखंड समिति का विस्तार

### बांदे उरांव बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा किसान मोर्चा प्रखंड समिति नगड़ी का बैठक कर विस्तार किया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने किया। किसान मोर्चा प्रखंड समिति नगडी का 21 सदस्य का सर्वसम्मत से कमिटी में शामिल किया गया। जिसमे अध्यक्ष बांदे उरांव, उपाध्यक्ष सोहराई उरांव,खादी उरांव, भूनु लोहरा महाबीर उरांव, संजु तिर्की, सीता केरकेट्टा,सचिव अशोक ठाकुर,संगठन सचिव मोतीलाल महतो,सयुंक्त सचिव आनन्द उरांव,कोषाध्यक्ष कजरू उरांव,गुलू मुण्डा,भोजा उरांव चुने गए। जिलाध्यक्ष झबुलाल महतो ने कहा संगठन को और मजबूत करेंगे,किसानो की समस्याओ को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया जिला सचिव ने कहा किसानो को जदा से जदा संगठन को और मजबूत करना है।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष बच्चन उरांव,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, राजेंद्र महतो,सचिव पुजा देवी, सुरेश महतो सोमारी उरांव, उर्मिला देवी, सुकरमनी देवी,अशोक ठाकुर, सहित कई लोग शामिल थे।

# पथ निर्माण रोकने पर वन विभाग के खिलाफ आजसू ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के बोंगाईबेड़ा पंचायत में रेलवे विभाग के द्वारा ग्रामीणो की सुविधा हेतु बनाए जा रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य को वन विभाग के द्वारा रोक लगाने पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बताया गया कि रेलवे स्टेशन से बोंगाईबेड़ा पक्की सड़क तक पीसीसी सड़क बन जाने से कई गांव और टोला मुहल्ला के लोगों को स्टेशन आने जाने में काफी सुविधा होगी परंतु वन विभाग के अधिकारियों ने वन विभाग की जमीन बोल कर पीसीसी पथ निर्माण कार्य को बन्द करवा दिए पीसीसी अधूरा रह गया है । इसके विरुध बोंगाईबेड़ा पंचायत के मुखिया हिरदु उराँव ने वन विभाग को सूचित कर प्रदर्शन स्थल पर आने को कहा । चेतावनी दी गयी कि यदि तीन चार दिनों के भीतर पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य चालू नही किया गया तो वन विभाग के खिलाफ आंदोलन कर वन अधिकारियों का हुक्का पानी बंद कर दिया जाएगा उन्हें इस क्षेत्र मे घुसने नहीं दिया जाएगा। मौके पर आजसू पार्टी प्रखंड उपाध्यक्ष किसुन महतो गणेश उरांव महादेव उरांव फकीरा उरांव शंकर उरांव जगना उरांव सोमरा उरांव जुवेल तिग्गा सुमित्रा देवी सुमन देवी बिरसा मुंडा राजन टोप्पो प्रकाश उरांव दीपक उरांव सुकरो देवी संजय उरांव सोनू टोप्पो सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### बालू-कोयला पर राजनीति नहीं करें

**अनगड़ा।** प्रखंड के पैका में आजसू पार्टी की एक बैठक पंचायत प्रभारी अनीता देवी और सविता देवी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई । जिसमें पैका पंचायत के सभी ग्राम प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार के द्वारा जनता से किए गए एक भी वादा को धरातल पर नहीं उतारा गया है। उन्होंने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में बालू और कोयला पर राजनीति करने वालों को जानता सबक सिखाएगी । बैठक मे प्रखंड उपाध्यक्ष किसुन महतो संजय महतो ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख धार्मी देवी पूनम देवी सरिता देवी चैती देवी रेखा देवी पुष्पा कुमारी रूपकुमारी लक्ष्मी महतो राजू महतो अगमलाल महतो कमल महतो अलो देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीओ-बीडइओ ने किया एसएस प्लस टू स्कूल का निरीक्षण, सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय का सीओ प्रताप मिंज,बीइईओ शांतिमुनी तिर्की व विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने मंगलवार को निरीक्षण किया। साथ ही विद्यार्थियों के मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान इन्होंने बच्चों के पढ़ने के लिये बने भवन, शौचालय व पेयजल को देखा। इसके बाद उन्होंने छात्रों से उनकी पढ़ाई लिखाई और विद्यालय की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज से लिया। उन्होंने छात्रों के वर्ग कक्ष बेंच,डेस्क का जायजा लिया। साफ सफाई व छात्रों की उपस्थिति का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सोमवार को विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली,बैठने के लिए भवन व बेंच समेत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। वहीं अंचला धिकारी ने मंगलवार को विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने प्रधानाध्यापिका से स्कूल की विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वही प्रधानाध्यापिका ने उन्हें बताया कि विद्यालय में 2496 बच्चे नामांकित हैं। विद्यालय में छात्रों की बैठने, भवन सहित अन्य जानकारी की सूचना विभागीय अधिकारी को दी है। विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व विधि व्यवस्था को लेकर शिक्षकों को कई निर्देश दिए।



सीओ व बीइईओ को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी।

### शिक्षा में सुधार को उठाया जाएगा कदम : विधायक प्रतिनिधि

विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा। साथ ही विधायक के द्वारा विद्यालय परिसर में चापाकल लगाए जाने का आश्वासन दिया। बीइईओ ने बच्चों को प्रेरित करते हुए अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने एवं जीवन में कुछ कर दिखाने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व अंचलाधिकारी ने प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं से कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है। सभी बच्चे अनुशासित बनकर शिक्षा ग्रहण करें और अपनी प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ें तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे खुद को पढ़ाई-लिखाई में व्यस्त रखें। सभी बच्चे अच्छे बने, ताकि विद्यालय,अभिभावक और प्रखंड का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के अंदर अनुशासन और संस्कार का होना अति आवश्यक है। सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य का निर्धारण कर अध्ययन करने का सुझाव दिया।

## इटकी प्रखंड सभागार में बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम

**इटकी।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को स्कूल रुआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल लाने व शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जाने वाले रुआर कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, पम्मी सिन्हा मौजूद थे।

# घुरती रथ मेला के कारण 18 को निकलेगा मुहर्रम जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** मोहर्रम कमेटी केदल द्वारा मुहर्रम जुलूस एक दिन बाद 18 जुलाई को निकालने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय घुरती मेला व बीआईटी मेसरा स्थित लगने वाले हाट (बाजार) के कारण लिया गया है। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद समीम आलम की अध्यक्षता में हुई कमिटि की एक बैठक इमाम बाड़ा में हुई। कमेटी के ओहदेदार, सरपरस्त व अखाड़े के सदस्य की उपस्थिति में जगरन्नाथपुर रांची में 17 जुलाई को घुरती रथ मेला महोत्सव व बाजार के दौरान महर्रम जुलूस निकालने पर कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए अध्यक्ष मोहम्मद समीम आलम कहा 17 जुलाई बुधवार को मोहर्रम व बीआईटी बाजार एक ही दिन पड़ रहा है। बाजार स्थल में मेला, अखाड़ा व सम्मेलन आयोजित होती है। बाजार व घुरती रथ मेला के कारण हाईवे में अन्य दिनों के अपेक्षाकृत अधिक गाड़ीयां चलने व सड़क जाम होने की संभावना है। इन परस्थितियों को देखते हुए और कानून व्यवस्था व सद्भावना बनाए रखने को लेकर यह निर्णय लिया गया। वहीं कमिटि के इस निर्णय को क्षेत्र के प्रबृद्ध लोगों द्वारा सरहाना किया गया है। संचालन रियाज अंसारी ने किया। वहीं बैठक मे सचिव मोहम्मद नफीज अंसारी, कोषाध्यक्ष असलम अंसारी, महमुद आलम, समसुल अंसारी, मोलिम अंसारी, मतुल, असजद, रुस्तम, सफूज, मुरसलिम, रयुप, अरशद, मुश्ताक आदि उपस्थित थे।

# विस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** राज्य सरकार आदिवासियों की स्मिता को लूटने का काम कर रही है। जल, जंगल और जमीन पर खतरा मंडरा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उक्त बातें पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा की विधायक नीरा यादव ने भाजपा रांची जिला ग्रामीण के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड के केशा मोड़ स्थित कोल्ड स्टोरेज में मंगलवार को आयोजित भाजपा कार्यकताओं के मांडर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक नीरा यादव के आह्वान पर भाजपा कार्यकताओं ने आगामी विधानसभा के चुनावी जंग में एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प लिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने मांडर विधानसभा के पांचों प्रखंडों में बेड़ो, लापुंग, मांडर, चान्हों व इटकी के बूथ स्तरीय कार्यकताओं का अभिनंदन किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान नीतू कुजूर के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं व ग्रामीणों ने भाजपा का दामन थामा। इधर कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नीरा यादव ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। नोटों का पहाड़ का दर्शन हो रहा है। भ्रष्टाचारी मालामाल हो रहे हैं। यह राज्य सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति है। युवाओं व नौनिहालों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने जनहित में वर्तमान राज्य सरकार को चुनावी जंग में उखाड़ फेंकने और राज्य में होनेवाले आगामी विधानसभा के चुनावी जंग में डबल इंजनवाली एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया।

## मुहर्रम को लेकर पिठोरिया थाना में शांति समिति की बैठक

**पिठोरिया।** मुहर्रम पर्व और घूरती रथ मेला को लेकर पिठोरिया थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी समुदाय के लोगो ने त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये। पिठोरिया सेंट्रल मुहर्रम कमिटी पिठोरिया के अध्यक्ष सुभान अंसारी ने बताया कि पिठोरिया मुहर्रम में आसपास गावो के अखाड़ों से हजारों लोग जुलूस पहुंचते हैं।

# रातू : मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलशयात्रा

**1001 महिलाओं ने लिया हिस्सा, भंडारे में उमड़ी हजारों की भीड़**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** चटकपुर स्थित शांति नगर के देवी मंडप हनुमान मंदिर का दूसरा स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। 1001 महिलाओं की ओर से गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गयी। आजसू के हटिया विधान सभा संगठन प्रभारी भरत कांसी बतौर मुख्य अतिथि थे। इसकी शुरूआत मंदिर परिसर से होकर चटकपुर तालाब तक पहुंची, जहां से पुजारी ने जलाभिषेक कराया। इसके बाद पुरोहितों ने वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान करवाया। आरती व हवन के बाद कार्यक्रम की पुणार्हुति हुयी। शाम 4 बजे महाभंडारा के आयोजन किया गया। इसमें हजारों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष फुलेश्वर साहू, राकेश कुमार, विक्की लोहरा, राजकुमार साहू व भोला पंडित आदि का सराहनीय योगदान रहा। इधर, मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर चटकपुर, शांति नगर, सोसो व धनई सोसो में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। महिला, युवा और बच्चे विशेष उत्साहित दिखे। कलश यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है।



### एक नजर में

## नगड़ी में छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**पिस्कानगड़ी।** उन्नति का पहिया योजना के तहत कल्याण विभाग की ओर से आज प्रखंड मुख्यालय नगड़ी में उर्दू मध्य विद्यालय वसीला की सात छात्राओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत,प्रखंड प्रमुख मदूवा कश्यप,जिला परिषद सदस्य पूनम देवी,उप प्रमुख -सह- प्रखंड शिक्षा समिति की अध्यक्ष अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से निशुल्क साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से उनके समय की बचत होगी तथा समय से स्कूल पहुंच पाएंगे। उन्होंने छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए साइकिल का उपयोग करने तथा मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी के०एल० सोनी, उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज सहित छात्राएं उपस्थित थे।

## पेंशन की मांग पर पंचायती राज निदेशक को मुखिया संघ ने सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा।** रांची जिला मुखिया संघ अनगड़ा के तत्वावधान में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखियाओं ने अपने विभिन्न मांगों के समर्थन में मुखिया संघ अनगड़ा के नेतृत्व में पंचायती राज निदेशक झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में मुखियाओं का मानदेय पच्चीस हजार रुपया प्रतिमाह करने सांसद विधायक की तरह मुखियाओं को भी पेंशन देने सहित पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति को सत्यापित करने के बाद हीं मानदेय अथवा वेतन का भुगतान करने पंचायत क्षेत्र के जन विवरण दुकानो में मुखियाओं कि उपस्थिति में राशन का वितरण करने भूमि की खरीद विक्री मे मुखिया की अनुशसा को अनिवार्य करने इत्यादि मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देते समय मौके पर उपाध्यक्ष भूनेश्वर वेदिया सचिव सरीता तिर्की कोषाध्यक्ष कविता देवी सहित सिरका पंचायत के मुखिया रोशन मुन्डा शांति मुंडा राजेन्द्र बेदिया अनीता बारला दुर्गा पहान शान्ति देवी शहदेव बेदिया क्रिस्टीना क्रेकेट्टा विजय उरांव सारथी देवी डोली मुन्डा मुखिया सीमा देवी शामिल थे।

